# विज्ञप्ति

सर्व–साधारण को सूचित किया जाता है कि शासनादेश संख्या–I/1092245/2025/3313/58-1-2025 (1917687) दिनांक 17.09.2025 में वर्णित व्यवस्थानुसार जनपद हापुड़ के ग्रामीण परिक्षेत्रों में संचालित बाल विकास परियोजनाओं में आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं की मानदेय पर आधारित रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु सीधी भर्ती प्रक्रिया के तहत विभागीय वेब साइट upanganwadibharti.in पर ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। परियोजनावार रिक्त पदों का विवरण निम्नवत् है :–

## आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के रिक्त पदों का विवरण

| क्र.सं. | बाल विकास परियोजना का नाम | ग्रामीण/ शहरी | परियोजनावार रिक्त पदों की कुल संख्या | अनारक्षित | अन्य पिछड़ा वर्ग | अनुसूचित जाति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गढमुक्तेश्वर | ग्रामीण | 43 | 30 | 09 | 04 |
| 2 | सिम्भावली | ग्रामीण | 17 | 10 | 03 | 04 |
| 3 | धौलाना | ग्रामीण | 14 | 05 | 06 | 03 |
| 4 | हापुड़ | ग्रामीण | 46 | 18 | 16 | 12 |
| | योग | | **120** | **63** | **34** | **23** |

## आंगनबाड़ी सहायिकाओं के रिक्त पदों का विवरण

| क्र.सं. | बाल विकास परियोजना का नाम | ग्रामीण/ शहरी | परियोजनावार रिक्त पदों की कुल संख्या | अनारक्षित | अन्य पिछड़ा वर्ग | अनुसूचित जाति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गढमुक्तेश्वर | ग्रामीण | 69 | 30 | 20 | 19 |
| 2 | सिम्भावली | ग्रामीण | 33 | 19 | 07 | 07 |
| 3 | धौलाना | ग्रामीण | 25 | 12 | 08 | 05 |
| 4 | हापुड़ | ग्रामीण | 70 | 34 | 18 | 18 |
| | योग | | **197** | **95** | **53** | **49** |

उपरोक्त पदों का ग्रामसभा विवरण एवं आरक्षण सहित अर्हता का पूर्ण विवरण जनपद हापुड़ के कलेक्ट्रेट, विकास भवन, तहसील, जिला कार्यकम कार्यालय (बाल विकास) एवं विकास खण्ड स्तर पर बाल विकास परियोजना कार्यालय, खण्ड विकास अधिकारी, कार्यालय इत्यादि कार्यालयों के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की गई है, साथ ही विस्तृत विवरण विभागीय वेबसाईट https://upanganwadibharti.in पर अपलोड है। आवेदन करते समय शासनादेश संख्या–1/1092245/2025/3313/58–1–2025 (1917687) दिनांक 17 सितम्बर, 2025 का गहन अध्ययन करने के उपरान्त आवेदन करें। उक्त शासनादेश के आधार पर ही सम्पूर्ण भर्ती प्रक्रिया पूर्ण की जायेगी।

**विज्ञापित पदों की अर्हता एवं आवेदन पत्र भरने हेतु विशेष निर्देशः –**

1. विज्ञापित पदों हेतु केवल महिला अभ्यर्थी ही पात्र होगें।
2. आंगनबाड़ी कार्यकर्त्री के रिक्त पदों हेतु न्यूनतम शैक्षिक योग्यता इण्टरमीडिएट एवं उसके समकक्ष तथा अधिकतम शैक्षिक योग्यता परास्नातक होगी।
3. आवेदिका को रिक्त पद के ग्रामसभा की स्थायी निवासी एवं ग्रामसभा में उक्त श्रेणी में पात्र अभ्यर्थी उपलब्ध न होने की स्थिति में सम्बन्धित न्याय पंचायत की स्थायी निवासी होना अनिवार्य है।
4. आवेदिका की आयु निर्धारित कट ऑफ डेट दिनाँक 01 जुलाई, 2026 को न्यूनतम 18 वर्ष एवं 35 वर्ष से अधिक नही होना चाहिए।
5. विज्ञापित पदों हेतु केवल विभागीय वेबसाईट https://upanganwadibharti.in पर ऑनलाइन आवेदन पत्र निर्धारित समयावधि के अन्तर्गत स्वीकार्य होगें। ऑफलाईन आवेदन पत्र/अन्य कोई भी अभिलेख किंसी भी दशा में मान्य/स्वीकार नहीं किये जायेगें।

6. विज्ञापित पदों हेतु ऑनलाईन आवेदन करने की अंतिम तिथि 18.08.2026 के मध्य रात्रि 12.00 बजे तक मान्य होगी।

7. उपरोक्त विज्ञापित पदों की अर्हता एवं आवेदन करने की प्रक्रिया सहित विस्तृत प्रपत्र एवं विभागीय वेबसाईट https://upanganwadibharti.in पर उपलब्ध है। अधिक जानकारी हेतु विकास खण्ड के बाल विकास परियोजना कार्यालय अथवा विकास भवन में जिला कार्यक्रम अधिकारी (बाल विकास) कार्यालय से किसी भी कार्यालय दिवस मे निर्धारित समयान्तर्गत जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

(आभा सिंह)
जिला कार्यक्रम अधिकारी
हापुड़

## कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी, हापुड़।

पत्रांक C-541 /जि0का0अ0/आ0बा0नियुक्ति/2026–27 दिनांक 28/7/26

प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित।

1. निदेशक महोदया, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार उ0प्र0, लखनऊ।
2. जिलाधिकारी महोदया, हापुड़।
3. मुख्य विकास अधिकारी महोदया, हापुड़।
4. समस्त उपजिलाधिकारी, जनपद हापुड़ को इस अनुरोध के साथ कि अपने स्तर से विज्ञप्ति को सूचना पटल पर चस्पा कराने का कष्ट करें।
5. समस्त खण्ड विकास अधिकारी, हापुड़ को इस अनुरोध के साथ कि अपने स्तर से विज्ञप्ति को सूचना पटल पर चस्पा कराने का कष्ट करें।
6. जिला सूचना अधिकारी, हापुड़ को इस अनुरोध के साथ कि उपरोक्त विज्ञप्ति न्यूनतम् दरों पर दो राष्ट्रीय दैनिक समाचार पत्र एवं जनपद के एक स्थानीय समाचार पत्र के माध्यम से प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
7. समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारियों को इस निर्देश के साथ कि अपने कार्यालय के सूचना पटल पर विज्ञप्ति चस्पा करना सुनिश्चित करें।

जिला कार्यक्रम अधिकारी
हापुड़

Sarkari Result
SARKARIRESULT.COM
S.R

WWW.SARKARIRESULT.COM

No. 1 Education Portal

Since 2012

Latest Jobs
Latest Result
Admit Card
Admissions
Syllabus
Answer Key

Our Tools Website : SarkariResult.Tools